Reg. No………………………………………   Name…………………………………………

B A, B SC, B COM DEGREE END SEMESTER EXAMINATION – APRIL 2026

UGP (HONS.) SEMESTER - 2: MULTI DISCIPLINARY COURSE

COURSE: 24UHINMDC101: HINDI IN DAY-TO-DAY LIFE

(For Regular 2025 and Improvement/Supplementary 2024 Admission)

Time: 1.5 Hours   Max. Marks - 50

PART - A

I. किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।

1. अनुवाद कीजिए। (CO1)

   अ. मंगलवार   आ. रविवार   इ. गुरुवार   ई. शुक्रवार

2. निम्नलिखित शब्दों का अंग्रेजी अनुवाद लिखिए। (CO1)

   अ. गुलाबी   आ. हरा   इ. सफ़ेद   ई. पीला

3. हिंदी शब्द लिखिए। (CO2)

   अ) Orange   आ) Mango   इ) Apple   ई) Grapes

4. अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए। (CO5)

   कभी-कभी मेरे दिल में ख़याल आता है,

   के जैसे तुझको बनाया गया है,मेरे लिए।

5. चार पालतू जानवरों के नाम लिखिए। (CO1)

6. कोष्ठक (की, में, को,तो) में दिए शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (CO2)

   एक बार एक कौए___रोटी का एक टुकड़ा मिला, इसे वह अपनी चोंच___रख रहा था। वह एक पेड़ पर बैठा था। अचानक एक लोमड़ी वहाँ आई___उसने कौए___चोंच में रोटी का टुकड़ा देखा।

7. हिंदी शब्द लिखिए। (CO1)

   अ. Sunflower   आ. Rose   इ. Lotus   ई. Marigold   **(2 x 5 =10)**

PART - B

II. किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

8. सहेली के साथ टैलीफोन पर बातचीत का नमूना लिखिए। (CO3)

9. घर में माँ-बेटी के बीच वार्तालाप का नमूना लिखिए। (CO3)

10. बाज़ार में फलवाले के साथ बातचीत का नमूना लिखिए। (CO2)

11. दोस्तों के बीच बातचीत का नमूना तैयार कीजिए। (CO2)

12. पति के नाम पत्नि के पत्र का नमूना तैयर कीजिए। (CO3)

13. साड़ी के दूकान में बातचीत का नमूना लिखिए। (CO2)

(5 x 4 = 20)

PART-C

III. किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

14. ए.पी.जे अब्दुल कलाम के साथ साक्षात्कार(इंटरव्यू) का नमूना लिखिए। (CO4)

15. अपने मनपसंद साहित्यकार के साथ साक्षात्कार(इंटरव्यू) का नमूना लिखिए। (CO5)

16. कथांश पढ़कर निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर लिखिए। (CO4)

‘जोखू ने लोटा मुँह से लगाया तो पानी में सख्त बदबू आयी । गंगी से बोला- यह कैसा पानी है ? मारे बास के पिया नहीं जाता । गला सूखा जा रहा है और तू सड़ा पानी पिलाये देती है !गंगी प्रतिदिन शाम पानी भर लिया करती थी । कुआँ दूर था, बार-बार जाना मुश्किल था । कल वह पानी लायी, तो उसमें बू बिलकुल न थी, आज पानी में बदबू कैसी ! लोटा नाक से लगाया, तो सचमुच बदबू थी । जरुर कोई जानवर कुएँ में गिरकर मर गया होगा, मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से?ठाकुर के कुएँ पर कौन चढ़ने देगा ? दूर से लोग डाँट बतायेंगे । साहू का कुआँ गाँव के उस सिरे पर है, परंतु वहाँ भी कौन पानी भरने देगा ? कोई तीसरा कुआँ गाँव में है नहीं।जोखू कई दिन से बीमार है। कुछ देर तक तो प्यास रोके चुप पड़ा रहा, फिर बोला- अब तो मारे प्यास के रहा नहीं जाता । ला, थोड़ा पानी नाक बंद करके पी लूँ ।गंगी ने पानी न दिया । खराब पानी से बीमारी बढ़ जायगी इतना जानती थी, परंतु यह न जानती थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती हैं । बोली- यह पानी कैसे पियोगे ? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाये देती हूँ।जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा- पानी कहाँ से लायेगी ?ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?’हाथ-पाँव तुड़वा आयेगी और कुछ न होगा । बैठ चुपके से । ब्रह्म-देवता आशीर्वाद देंगे, ठाकुर लाठी मारेगें, साहूजी एक के पाँच लेंगे । गरीबों का दर्द कौन समझता है ! हम तो मर भी जाते है, तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता, कंधा

देना तो बड़ी बात है। ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे ?'इन शब्दों में कड़वा सत्य था । गंगी क्या जवाब देती, किन्तु उसने वह बदबूदार पानी पीने को न दिया' ।

अ. जोखू पानी पी नहीं सका। क्यों ?

आ. गाँव में कितने कुँए थे और वे किन-किन के थे ?

इ. गंगी ने पानी पीने से जोखू को क्यों मना किया ?

ई. 'गरीबों का दर्द कौन समझता है'? जोखू ऐसा क्यों कहता है?

उ. प्रस्तुत कथांश की मुख्य समस्या का चित्रण कीजिए।

17. 'नशीले पदार्थों का निरोध' विषय से संबंधित कैप्शन,पोस्टर एवं ब्लॉग का निर्माण कीजिए। (CO5)

(10 x 2 = 20)

'